रा.आ.बैंक/आईटीडी/कोट./ /2019

06 मार्च, 2019

<<वेंडर का नाम**>>**

<<वेंडर का पता**>>**

महोदय (यों),

<u>ऑल इन वन पीसी हेतु कोटेशन</u>

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) निम्नलिखित उत्पादों/सेवाओं की आपूर्ति के लिये चुनिंदा कंपनियों से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित करता है:-

तालिका अंग्रेज़ी पत्रानुसार

कृपया अपनी कोटेशन प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:

i. कोटेशन में अंतिम गंतव्य स्थल का मूल्य होना चाहिए जिसमें सभी लेवी, कर तथा अधिष्ठापन, श्रम, वितरण आदि जैसे अन्य प्रभार शामिल हों। वेंडर, पार्ट कोड नंबर के साथ मूल्य का पूरा ब्यौरा भी अवश्य दें। प्रस्तुत कोटेशन में उत्पाद साहित्य हो जिसमें संवर्धन एवं उन्नयन के लिये पूर्ण तकनीकी विनिर्देश एवं प्रावधान हों। कोटेशन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से 30 दिन तक मूल्य मान्य हो। कृपया उक्त उत्पादों पर मिलने वाला कोई विशेष ऑफर/सीमित समय ऑफर का भी उल्लेख करें जिससे बैंक उसका लाभ उठा सके।

ii. **उपरोक्त उत्पाद तालिका में उल्लिखित रा.आ.बैंक कार्यालय के पते पर ऑर्डर की तिथि से 1 सप्ताह के भीतर वितरित हो जाने चाहिए।** वितरण में अतिरिक्त विलंब होने पर बैंक अपने विवेकानुसार आदेश निरस्त कर सकता है। अधिष्ठापन की जिम्मेदारी वेंडर की होगी।

iii. बोलीदाता को अनिवार्य रुप से कोटेशन में वर्णित प्रारूप के अनुसार विनिर्माता प्राधिकार प्रपत्र (एमएएफ) को प्रस्तुत करना आवश्यक है। एमएएफ को प्रस्तुत करने में हुई असफलता बोली के रद्द होने का कारण बन सकती है। बैंक बोली के मूल्यांकन के दौरान वेंडर से घोषणा, उत्पाद ब्रोशर आदि मांग सकता है। इससे संबंधित किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत न कर पाने से बोली रद्द की जा सकती है।

iv. यदि वितरित मदें खरीद आदेश के साथ दोषपूर्ण या गैर-अनुपालन योग्य पाई जारी हैंहै तो बैंक को बोली रद्द करने या आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार है। उपर्युक्त तालिका में वर्णित विनिर्देशों में अंतर होने पर बोली रद्द की जा सकती है। इस विषय पर इसके अतिरिक्त कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

v. बैंक यदि चाहे तो, ओईएम के साथ उत्पाद की प्रामाणिकता की जांच कर सकता है। कोई अंतर होने पर बैंक बोली को रद्द करने या आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार रखता है।

vi. वेंडर को सप्लाई किए गए सभी मदों पर **5 वर्षीय कॉम्प्रीहेन्सिव ऑन-साइट ओईएम वारंटी सपोर्ट** प्रदान करना आवश्यक है।

vii. मूल कोटेशन टंकित हो या अमिट स्याही से लिखी गई हो और यह वेंडर या किसी प्राधिकृत व्यक्ति/ऐसे व्यक्तियों जो विधिवत रुप से प्राधिकृत हों, के द्वारा हस्ताक्षरित हो। कोटेशन पर हस्ताक्षर करने

वाले व्यक्ति एवं व्यक्तिगण असंशोधित मुद्रित सामग्री को छोड़कर, कोटेशन के सभी पृष्ठों पर आद्यक्षर करेंगे।

viii. कोई अन्तरालेखन, मिटाना या ऊपरी लेखन केवल तभी वैध होगा जब वह कोटेशन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति एवं व्यक्तिगण द्वारा हस्ताक्षरित हो।

ix. ऐसा मान लिया जाएगा कि इस पूछताछ के प्रत्युत्तर द्वारा बोलीदाता ने इस पूछताछ की शर्तें स्वीकार कर ली हैं।

x. भुगतान की शर्तें निम्नानुसार होंगी –

क) बैंक की संतुष्टि हेतु उत्पादों के वितरण एवं अधिष्ठापन के पश्चात् 90 प्रतिशत।

ख) वारंटी अवधि के सफलतापूर्वक पूरी होने पर अथवा संपूर्ण वारंटी अवधि के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक को संतोषजनक कार्यनिष्पादन बैंक गारंटी को प्रस्तुत करने पर 10 प्रतिशत।

xi. कोटेशन कंपनी के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित होनी चाहिए। वह मुहरबंद लिफाफे में बंद हो, उस पर **''ऑल इन वन पीसी हेतु कोटेशन''** लिख कर निम्नलिखित पते पर भेजें–

महाप्रबंधक,
आईटी विभाग, राष्ट्रीय आवास बैंक
तृतीय तल कोर 5-ए, भारत पर्यावास केंद्र,
लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003

कोटेशन **18 मार्च, 2019** को सायं 4.00 बजे से पूर्व उपरोक्त पते पर पहुंच जानी चाहिए। कंपनियों के प्रतिनिधि किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए अधोहस्ताक्षरी से कार्य दिवस के दौरान पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 5.30

बजे के बीच कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। बैंक किसी भी कोटेशन को/या सभी कोटेशनों को बिना कोई कारण बताये रद्द या स्वीकार करने का अधिकार रखता है।

भवदीय,

सहायक महाप्रबंधक
राष्ट्रीय आवास बैंक